2497

Recd on 24/08/19
at 11:00 am
24/08/19

प्रेषक,

अमरजीत वर्मा,

तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,

पीलीभीत।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक

माननीय उच्च न्यायालय ,

इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,

पीलीभीत।

विषय– बेटी के इलाज कराने हेतु मुझे जनपद लखनऊ या उसके आस–पास के जनपद में स्थानांतरित करने के सम्बंध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि मैं वर्तमान में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश पीलीभीत में तैनात हूं। मेरा तीन वर्ष का कार्यकाल अप्रैल 2020 में पूरा होगा। मेरी छोटी बेटी कु0 प्रीति वर्मा उम्र 18 वर्ष वर्ष 2017 से मानसिक अवसाद से पीडित होने के कारण उसका लखनऊ मेडिकल कालेज से दिनांक 13.02.2017 से लगातार इलाज चल रहा है।

इस वर्ष जनवरी 2019 में मेरी बेटी की तबीयत अचानक और खराब हो जाने के कारण उसका इलाज लखनऊ मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ डाक्टरों के सलाह पर उनके रिटायर्ड विभागाध्यक्ष श्री एस.सी. तिवारी वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ लखनऊ से चल रहा है। वर्ष 2017 से दिनांक 09.05.2019 के मेडिकल के पर्चे संलग्न हैं।

पांच लोगों के परिवार में मेरे अलाबा और कोई देखभाल व दौड़–भाग करने वाला नहीं है। मेरा बड़ा बेटा प्रांशु वर्मा बांदा मेडिकल कालेज में द्वितीय वर्ष तथा बड़ी बेटी कु0 कीर्ति वर्मा मेडिकल कालेज आजमगढ़ में पढ़ाई कर रही है। घर पर रह रही मेरी पत्नी के द्वारा बेटी के अचानक मानसिक अवसाद रोग से पीड़ित हो जाने के कारण अकेले डाक्टरों के पास ले जाने में दिक्कतें भी होती हैं तथा बीच–बीच में डिपरेशन का रोग बढ़ता घटता रहता है। अचानक एग्रेसीव होने पर पत्नी को अकेले सम्भालना मुश्किल हो जाता है। पीलीभीत जिले में मानसिक अवसाद से पीड़ित विशेषज्ञ डाक्टरों की सुविधा नहीं है। इसलिए मुझे बाध्य होकर जनवरी 2019 से प्रत्येक सप्ताह गम्भीर मानसिक अवसाद से पीड़ित अपनी बेटी की देखरेख व काउंसलिग कराने हेतु विशेषज्ञ डाक्टरों के पास लखनऊ जाना पड़ रहा है। जिसके चलते मेरे सारे आकस्मिक अवकाश भी खत्म हो गये हैं।

अतः माननीय महोदय से अनुरोध है कि मेरे प्रार्थना पत्र पर उदारतापूर्वक विचार करते हुए मेरी बेटी के इलाज कराने हेतु मेरा स्थानांतरण जनपद लखनऊ अथवा उसके आस–पास के जनपद में कराने की कृपा करें। जिससे मैं अपनी बेटी का इलाज प्रापर ढंग से लखनऊ के विशेषज्ञ डाक्टरों से स्वयं अपनी देखरेख में करा सकूं तथा भविष्य में होने वाली किसी गम्भीर जटिल समस्या से उसके जीवन को बचा सकूं।

सादर।

दिनांक–22.08.2019

Office of The District Judge
No. 2713/I-2019 Date. 22.08.2019
FORWARDED
District Judge
Pilibhit
22.08.2019

भवदीय

Amarjeet Verma
22.8.19

(अमरजीत वर्मा)

तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,

पीलीभीत।

संलग्नक–

1– लखनऊ मेडिकल कालेज का कु0 प्रीति के इलाज के पर्चे दिनांक–-13.02.17, दिनांक 14.02.19 व दिनांक 26.02.19 की फोटो कापी।

2–मानसिक रोग चिकित्सक रिटायर्ड श्री एस.सी. तिवारी का मेडिकल का पर्चा दिनांक 22.03.19, दिनांक 09.05.2019 व दिनांक 29.07.2019 की फोटो कापी।